कार्यालय– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर

विज्ञप्ति – 03/2023
दिनांक – 04.08.2023

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या 02/2018/661/सात–न्याय–7– 2018–47/2002 दिनांक 30.01.2018 द्वारा जनपद अम्बेडकरनगर में गठित स्थायी लोक अदालत हेतु पेशकार एवं चपरासी के 01–01 पदों (जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों (आयु 65 वर्ष से कम हो) पर आवेदन पत्र दिनांक 31.07.2023 तक मांगे गये थे, उक्त दिनांक तक पेशकार एवं चपरासी पद हेतु समुचित आवेदन प्राप्त नहीं हुये हैं। तत्क्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर के निर्देशानुसार पेशकार एवं चपरासी के 01–01 पद हेतु पुनः आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। जिसका विवरण तालिका में अंकित है–

पद का नाम	पदों की संख्या	पद के सापेक्ष मानदेय
पेशकार	1	जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों (आयु 65 वर्ष से कम हो) को निर्धारित मानदेय रू0 9000/– प्रति माह पर अधिकतम 02 वर्ष के लिये अनुबंधित करने हेतु
चपरासी	1	जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों (आयु 65 वर्ष से कम हो) को निर्धारित मानदेय रू0 7000/– प्रति माह पर अधिकतम 02 वर्ष के लिये अनुबंधित करने हेतु

शासनादेश द्वारा सृजित उपरोक्त पदों पर आवेदन हेतु अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र पर अभ्यर्थी अपना नाम, पता, जन्मतिथि, विभाग का नाम (जहां से सेवानिवृत्ति हुये हैं) सेवानिवृत्ति की तिथि, फिटनेस प्रमाण–पत्र, पहचान पत्र (आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि) तथा मोबाइल नं0 अंकित करते हुये किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 से सायं 5.00 बजे के मध्य दिनांक 16.08.2023 तक, आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर के कार्यालय से प्राप्त कर अथवा जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर की वेबसाइट से डाऊनलोड करके जमा किया जा सकता है। दिनांक 16.08.2023 के पश्चात् प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(कमलेश कुमार मौर्य)
अपर जिला जज/ सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
अम्बेडकरनगर

पत्रांकः दिनांक 04 अगस्त, 2023

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. नोडल अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
2. जिला सूचना अधिकारी, अम्बेडकरनगर को स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित।
3. जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
4. कलेक्ट्रेट, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5. कार्यालय प्रति।

अपर जिला जज/सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
अम्बेडकरनगर।

आवेदन का प्रारूप

आवेदित पद का नामः.......................................

1. आवेदक का नामः.. फोटो
2. पिता/पति का नामः..
3. जन्म तिथिः.. (आयु 65 वर्ष से कम हो)
4. लिंगः .... (पुरूष/महिला)
5. वर्तमान पताः...
   ....
   ....जनपदः..
   स्थायी पताः...
   ....
   ....जनपदः..
   शैक्षणिक योग्यताः...
6. श्रेणीः...
   (सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक)
7. मोबाइल नं0ः...
8. विभाग का नाम जहाँ से सेवानिवृत्त हुएः..
9. सेवानिवृत्ति का दिनांकः...
10. फिटनेस प्रमाण–पत्र...
11. पहचान पत्रः...
    (आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि)

घोषणा

मैं एतद्द्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त अंकित तथ्य मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य है। इसका कोई अंश असत्य नहीं है, यदि कोई अंश असत्य पाया जाता है तो मेरी नियुक्ति निरस्त की जा सकती है। उस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

दिनांकः (अभ्यर्थी का हस्ताक्षर)

स्थानः